# "वीणा पुस्तक रंजीत हस्ते,जय माँ सरस्वती नमस्ते"

## • शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की धूम

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया

प्रखण्ड क्षेत्र में सरस्वती पूजा की पुरजोर तैयारी है।शिक्षण से संस्थानों में भव्य पंडाल और तोरण द्वार बनाये गये है। पुराना पेट्रौल पंप स्थित प्रतिमा का लगातार उठाव जारी है। छात्र सुविधानुसार ठेला ,बाइक,ट्रैक्टर आदि से मूर्तियों को लादकर अपने गंतव्य की ओर ले जा रहे है।छात्र छात्राओं में सरस्वती पूजा को लेकर गजब का उत्साह है।सत्यनारायण शिशु विद्या मंदिर तथा नवयुवक कमिटी गंडक कॉलनी,आर के इंटरनेशनल हाई स्कूल नानोसती,एएच होली मिशन स्कूल मझौलिया,फोर जी कॉलनी चीनी मिल मझोलिया में पूजनोत्सव को लेकर पुरजोर तैयारी है।छात्र मंजीव कुमार ने बताया कि गंडक कॉलनी में मंगलवार की रात जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।बिजली की आकर्षक चकाचौंध ने प्रतिमा के शोभा को बढ़ा दिया है।



## जनसुराज कार्यालय सह नागरिक सहायता केंद्र का उद्घाटन



चाणक्य भूमि। पूर्वी चंपारण

तेतरिया प्रखंड क्षेत्र के मधुआहां वृत्त पंचायत स्थित महावीर चौक पर जनसुराज के कार्यालय सह नागरिक सहायता केंद्र का उद्घाटन प्रखंड संयोजक समशुल होदा ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जन सुराज कार्यालय के होने से नागरिकों को हर तरह की सहायता मुहैया कराई जाएगी। अनुमंडल अध्यक्ष विजय कुशवाहा ने बताया कि आने वाले समय में जन सुराज एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगा। मौके पर कृष्ण चंद्र कुशवाहा, बृजेश सिंह, राजीव रंजन, रामचंद्र यादव, बैद्यनाथ यादव, अरविंद कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# दवा खाने के बाद उल्टी या चक्कर से ना घबराये-डॉ सतीश कुमार

- दवा खाने के बाद उल्टी या चक्कर आना समस्या नहीं, फाइलेरिया परजीवी के मरने का है एक शुभ संकेत
- रिफ्यूज़ल ब्रेक व सर्वजन दवा सेवन पर भ्रम मिटाने दिन भर घूमतै रहे डॉ सतीश
- कुढ़नी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जाना बीमार बच्चों का हाल

चाणक्य भूमि। मुज़फ्फरपुर

अफवाह फैलते देर नहीं लगती। अफवाहों की ऐसी ही चिंगारी सोमवार को उमड़ी थी, जब कुढ़नी के एक स्कूल में सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत दी जाने वाली दवाओं से बच्चों में उल्टी और चक्कर जैसे सामान्य लक्षण उभरे थे। जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि सोमवार को कुढ़नी में एमडीए/आइडीए की दवा खाने से कुछ बच्चों के बीमार होने की सूचना मिली। जिलाधिकारी सुब्रत सेन के निर्देश पर मैं कुढ़नी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया। बच्चों में सामान्य लक्षण थे जैसे उल्टी, चक्कर जैसे कुछ लक्षण थे। सामान्य उपचार के बाद सभी बच्चे ठीक हो गए। एक अपील है कि जो भी बच्चे इस दवा को खा रहे हैं वह अल्बेंडाजोल की गोली को पूरी तरह चबाकर खाएं और मुंह में पानी की हिलकोरें मारकर उसे पी लें। **खाली पेट न करें दवा का सेवनः** डॉ सतीश कुमार ने बताया कि फाईलेरिया



रोधी दवाएं गुणवत्ता एवं प्रभाव स्तर पर पूर्णता सुरक्षित है। जिन बच्चों में दवा सेवन के बाद उल्टी, चक्कर एवं सर दर्द जैसी शिकायत आयी है, उनके क्षेत्र में फाइलेरिया परजीवी का संक्रमण होने की पुष्टि होती है। इसे आसान शब्दों में समझें तो यह है कि दवा सेवन के बाद अगर किसी तरह की शारीरिक शिकायत होती है तो यह स्पष्ट होता है कि शरीर में पहले से फाइलेरिया के परजीवी मौजूद थे। दवा सेवन से परजीवी मरते हैं, जिसके कारण उल्टी, चक्कर या सर दर्द जैसे छोटी-मोटी शिकायत हो सकती है। एक महत्वपूर्ण बात हमेशा याद रखें कि दवा का सेवन कभी भी खाली पेट नहीं करें। सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत अगर किसी भी तरह की दिक्कत होती है तो बेझिझक नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। आशा के पास भी क्विक रिस्पांस टीम बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा तत्पर है। गाँव से लेकर जिला स्तर पर स्वाथ्य कर्मी किसी भी तरह की समस्या से आपको बचाने के लिए तैयार हैं। आइये एक बार फ़िर एक जुट होकर दवा सेवन का संकल्प लें और फाइलेरिया को दूर भगाएं।

## मधुमक्खियो के हमले से एक बृद्ध की मौत,महिला घायल

**चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।** मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकरहा पंचायत के दूधा मठिया गावं में मधुमख्खी के हमले से एक व्यक्ति राजकिशोर शर्मा 68 वर्ष की ईलाज के दौरान सीएचसी मझौलिया में मौत हो गयी। तथा एक महिला घायल हो गयी।जानकारी पंचायत के मुखिया आशीष भट्ट ने दी।उन्होंने बताया कि आम के बगीचा में चुना छिड़कने का काम चल रहा था।वे पांच बजे के करीब बगीचा में चुना छिड़काव का काम देखने गये थे जहां वे तरैया मध की चपेट में आ गये।शरीर मे तीन चार जगह तरैया मध काट लिया।असहय दर्द की हालत में उन्हें मझौलिया सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।तरैया मध के हमले में एक महिला राजकुमारी देवी जौजे रामएकबाल शर्मा भी चपेट में आ गयी जो फुलवारी की रास्ते सरेह से लौट रही थी।उसे मझौलिया सीएचसी के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया जीएमसीएच रेफर किया।

## जगदीशपुर में सैकडों लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

### मामला सरस्वती पूजा में शांति स्थापित करने का

**चाणक्य भूमि।(जापान साह) नानोसती।** सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस ने 165 लोगों पर 107 की कारवाई की है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने बताया कि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल मे सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस तैयारी पूरी कर ली है।थाना क्षेत्र के वैसे लोगो को चिन्हित किया गया है जिनसे गड़बड़ी होने की आशंका है।ऐसे लोगो पर 107 के तहत एफआईआर कर नोटिस दिया गया है।ताकी पूजा मे कोई व्यवधान उत्पन्न नही हो।जरूरत पड़ने पर आगे भी और कारवाई की जाऐगी।

## पुरुषोत्तमपुर में एक विवाहिता की हुई मौत में आठ पर आरोप दो महिला गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। मैनाटांड।** प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र में पुरुषोत्तमपुर गांव की एक विवाहिता की हुई मौत विवाहिता की मायके वाले का कहना है कि मेरी पुत्री चंदा देवी की हत्या उनके ससुराल वालों के घर के लोगों ने मिलकर की है । चंदा देवी का शादी लगभग 10 महीने पहले हुई थी पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी उपेंद्र दास से हुई थी। मृतका के पिता रामबचन दास गांव परसा थाना मझौलिया क्षेत्र निवासी है। रामबचन दास ने अपनी पुत्री का शादी पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र में पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी उपेंद्र दास से किए हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बेतिया पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद प्रथिमिकी दर्ज कर लिया गया है । थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की आठ लोगों पर प्रथिमिकी दर्ज हुई है जिसमे दो महिला और छह पुरुष है । दो महिला की गिरफ्तारी कर ली गई है । बाकी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

## पॉस्को के दो आरोपी समेत 19 गिरफ्तार 10 मोबाइल जप्त

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** अपराध नियत्रण और कानून वयवस्था बहाल रखने के लिये पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत जिले के विभिन्न थानों द्वारा उन्नीस लोगों को गिरफ्तार किया जिसमे दो आरोपी पॉस्को एक्ट के भी है। पुलिस ने इसके अलावा दस मोबाइल एक मोटर बाईक समेत 28 लीटर शराब भी जप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों से जुर्माने के रूप मे तिरपन हज़ार पाँच सौ रुपये भी वसूले गये।

# जन सुराज का दल बनना दल बनने की सबसे बड़ी घटना होगी- प्रशांत

» जन सुराज का दल बनना विश्व स्तर पर लोकतांत्रिक तरीके से दल बनने की सबसे बड़ी घटना होगी, 14-15 लाख लोग मिलकर दल बनाएंगेः प्रशांत किशोर

चाणक्य भूमि। पटना

जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बन रहे नए विकल्प के बारे में कहा कि मैं बिहार में बड़ा प्रयास कर रहा हूं पिछले दो-ढाई बरस गांव-गांव पैदल चलकर 1-1 व्यक्ति से मिलकर विकल्प बनाने का प्रयास कर रह हूं ताकि जब ये नया दल बने तो ये दल प्रशांत किशोर का न होकर पूरे बिहार के लोगों का हो। आज बिहार में नए विकल्प की जरूरत है। मेरा ऐसा मानना है कि बिहार में 1 प्रतिशत लोग अगर 100 में 1 आदमी या फिर 50 या 55 लोग चाहते हैं कि नया विकल्प बने, यानी



कि 100 में 1 आदमी भी विकल्प बनाने के लिए तैयार हो गया तो बिहार में करीब-करीब 13 से 14 लाख लोग मिलकर इस विकल्प को बनाएंगे तो आप मन कर चलिए की ये विश्व के स्तर पर सबसे बड़ी घटना होगी। आज तक 10 से 15 लाख लोग मिलकर नया विकल्प नहीं बनाए हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि लाखों लोग मिलकर इस दल की स्थापना करें ताकि ये दल किसी एक का न होकर पूरे बिहार के लोगों का हो। जो लोग इस दल को बनाए वो तय करें कि इस दल का नाम क्या हो इसे लोकतांत्रिक कैसे बनाया जाए। लोग बैठ कर तय करें कि दल का संविधान कैसा हो। जन सुराज बिहार के सारे वर्गों और जातियों का दल हो ताकि बिहार में उन्हें लालू - नीतीश और बीजेपी से आगे बढ़ने और सोचने का समय मिले। आज बिहार में जनता नए विकल्प के लिए तैयार है।

## नरकटियागंज में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

चाणक्य भूमि। बेतिया

नरकटियागंज में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जायेगा। इस स्वास्थ्य मेला का आयोजन नरकटियागंज प्रखंड के सभी हेल्थ और वैलनेस सेंटर पर किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला के दौरान चिकित्सक लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। साथ ही मुफ्त में दवा का वितरण भी किया जाएगा । इस स्वास्थ्य मेला में सभी बीमारियों के एक्सपर्ट डॉक्टर लोगों की स्वास्थ्य की जांच करेंगे। इसमें बीमार लोगों को स्वास्थ्य संबंधित सभी सुविधा और निःशुल्क जांच का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मेला में फिजिशियन डॉक्टर नेत्र जांच, शुगर, प्रेशर, हार्ट, दिमाग के रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी ।उचित सलाह के साथ दवा का वितरण भी किया जाएगा। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। मेला के दौरान स्वास्थ्य जांच होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

# भंगहा पुलिस ने तीन शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि। मैनाटांड़

प्रखंड क्षेत्र के भंगहा पुलिस ने सोमवार को गश्ती के दौरान सिसवा मंदिर के पास से नेपाल की तरफ आ रहे तीन व्यक्ति को 6.5 लीटर देशी एवं विदेशी शराब के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल मांझी ने बताया की गश्ती के दौरान सिसवा मंदिर के पास से नेपाल से देशी और विदेशी शराब के लेकर आ रहे थे । गिरफ्तार तीनों व्यक्ति की पहचान रवि ,असलम मियाँ और जोशी अहमद के रूप में किया गया है जिन्हें प्रथिमिकी दर्ज़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714